# Delhi Public School, Howrah

**PERIODIC TEST-II (2025-2026)**
**CLASS- XI**

*Care must be taken not to write anything on the question paper. All the questions must be attempted in the correct sequence.*

**विषय : हिंदी - सं. (302)**

**अवधिः 3 घंटे** **पूर्णांक = 80**

**सामान्य निर्देश -**

(1) इस प्रश्न पत्र में तीन खंड है- खंड क, ख और ग।
(2) खंड- (क) में अपठित बोध पर आधारित प्रश्न पूछे गए है। सभी प्रश्नों के उत्तर देने अनिवार्य हैं।
(3) खंड- (ख) में अभिव्यक्ति और माध्यम पाठ्यपुस्तक के आधार पर प्रश्न पूछे गए हैं। प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।
(4) खंड-ग में पाठ्यपुस्तक आरोह भाग-1 एवं वितान भाग-1 से प्रश्न पूछे गए हैं। प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।

**खंड- 'क' अपठित बोध** 18 **अंक**

**1. निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** 10

मनुष्य के लिए भोजन एक सबसे महत्त्वपूर्ण विषय है। भोजन के लिए लोग न जाने क्या-क्या करते हैं और न जाने कहाँ से कहाँ तक चले जाते हैं। फिर भी हमारी दुनिया की एक बड़ी सच्चाई है कि रोज़ लगभग 70 करोड़ लोग भूखे रह जाते हैं, जिनमें से करीब 25 करोड़ लोग भुखमरी जैसी स्थिति में रहने को मजबूर हैं। दुनिया में बहुत प्रयासों के बावजूद खाद्य असुरक्षा की समस्या बढ़ती चली जा रही है। जलवायु परिवर्तन, अत्यधिक बारिश या कम बारिश के कारण भी सामान्य खाद्यान्न उत्पादन पर गहरा असर पड़ रहा है। दुनिया में एक बड़े इलाके में स्थायी रूप से खेती प्रभावित होने लगी है। लोग खेती छोड़कर दूसरे व्यवसायों में लगने को मजबूर हो रहे हैं और खेती करने वालों की संख्या घट रही है। कृषि उत्पादों की कीमत बढ़ रही है और लगे हाथ मंदी का दौर भी चल ही रहा है। तो कुल मिलाकर दुनिया में यह एक बड़ी चिंता है कि आने वाले समय में वंचितों या भूखे लोगों का पेट कैसे भरा जाएगा? ऐसे में, 'ब्ल्यू फूड' की चर्चा दिनोंदिन तेज़ होती जा रही है। 'ब्ल्यू फूड' मतलब जलीय खाद्य पदार्थ।

इसमें कोई शक नहीं कि हमें पानी से मिलने वाले खाद्य पदार्थों के बारे में पूरी जानकारी है, लेकिन हमने कभी इस बात पर ध्यान नहीं दिया कि जलीय खाद्य पदार्थों की क्षेत्र में कितनी संभावना है। खाद्य आपूर्ति की हमारी योजनाओं में थल भाग या खेतों-वनों में पैदा होने वाले की ही बहुलता होती है। ये 'ब्ल्यू फूड' कई खाद्य प्रणालियों का महत्त्वपूर्ण घटक है फिर भी खाद्य नीति बनाते समय इन पर बहुत कम ध्यान दिया गया है। हमें अपनी खाद्य नीति में जलीय

खाद्य पदार्थों को भी शामिल करके खाद्य सुरक्षा का विस्तार करना चाहिए। भारत में ओडिशा या दक्षिण भारत के कुछ क्षेत्रों में दोपहर के भोजन में 'ब्ल्यू फूड' के ही एक प्रकार मछली का उपयोग शुरू हो रहा है, लेकिन इस कार्य को बड़े पैमाने पर उन तमाम क्षेत्रों में तो किया ही जा सकता है, जहाँ जलीय खाद्य पदार्थों की प्रचुर उपलब्धता है। जलीय खाद्य पदार्थ, मीठे पानी और समुद्री परिवेश से प्राप्त पशु, पौधे और शैवाल दुनिया में 3.2 अरब से भी अधिक लोगों को प्रोटीन 5 की आपूर्ति करते हैं। दुनिया के कई तटीय, ग्रामीण समुदायों में यह पोषण का मुख्य आधार है। यह बात भी छिपी नहीं है कि जलक्षेत्र 80 करोड़ से अधिक लोगों की आजीविका का आधार है।

लेकिन इतना विशाल क्षेत्र होने के बावजूद दुनिया में लोग भूखे सोने को मजबूर हैं। पोषण का बड़ा अभाव है। हमें ज़मीन आधारित खाद्य प्रणालियों की सीमा और उसके खतरों को भी समझना चाहिए। गौर कीजिए, ये खाद्य प्रणालियाँ संपूर्ण ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में एक चौथाई के लिए ज़िम्मेदार हैं अतः जलीय खाद्यों को बढ़ावा देने के बारे में हमें गंभीरता से सोचना चाहिए। यह पौष्टिक और टिकाऊ आधार है। जिन देशों में जलीय खाद्य की संभावना ज़्यादा है, उन देशों को अपने यहाँ भोजन स्रोत में परिवर्तन पहले करना चाहिए। इस दिशा में प्रयास तेज़ होने चाहिए। एक सभ्य दुनिया में भोजन से जुड़े नैतिक दबावों के बजाए ज़्यादा ज़रूरी यह है कि किसी भी इंसान को भूखा न सोना पड़े।

**<u>सोपान I. बहुविकल्पीय प्रश्न</u>** **3X1=3**

I. प्रस्तुत गद्यांश का वर्ण्य विषय हो सकता है-

(क) बढ़ती खाद्य समस्या (ख) खाद्य असुरक्षा की समस्या

(ग) जलीय खाद्य की जरूरत (घ) भुखमरी की समस्या

II. उपरोक्त गद्यांश के आधार पर बताइए कि खाद्यान्न उत्पादन कम क्यों हो रहा है?

(क) कृषि योग्य भूमि का कम होना (ख) धरती के तापमान का बढ़ना

(ग) सिंचाई के लिए वर्षा पर निर्भरता (घ) लोगों की कृषि कार्यों में अरुचि

III. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए -

कथन (I) रोज़ लगभग 70 करोड़ लोग भूखे रह जाते हैं।

कथन (II) करीब 25 करोड़ लोग भुखमरी जैसी स्थिति में रहने को मजबूर हैं।

कथन (III) रोज़ लगभग 80 करोड़ लोग भूखे रह जाते हैं।

कथन (IV) करीब 45 करोड़ लोग भुखमरी जैसी स्थिति में रहने को मजबूर हैं।

गद्यांश के अनुसार कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

(क) केवल कथन (I) सही है। (ख) केवल कथन (I) और (II) सही हैं।

(ग) केवल कथन (I) और (III) सही हैं। (घ) केवल कथन (IV) सही है।

**<u>सोपान II. अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न</u>** **1X1=1**

IV. खाद्य असुरक्षा बढ़ने का एक प्रमुख कारण क्या है?

**<u>सोपान III. लघुत्तरात्मक प्रश्न</u>** **3X2=6**

V. भोजन मनुष्य के लिए क्यों महत्वपूर्ण है ?

VI. खेती करने वालों की संख्या क्यों घट रही है ?

VII. आजीविका का क्या अर्थ है तथा जलक्षेत्र से कितने लोगों की आजीविका जुड़ी है ?

**2. निम्नलिखित काव्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** **8**

साकार दिव्य गौरव विराट,
पौरुष के पुंजीभूत ज्वाल !
कर निज विराट स्वर में निनाद
मेरी जननी के हिमकिरीट,
मेरे भारत के दिव्य भाल !
तू शैलराट् हुंकार भरे
मेरे नगपति, मेरे विशाल !

फट जाए कुहा, भागे प्रमाद
युग-युग अजेय, निर्बंध, युक्त,
तू मौन त्याग, कर सिंहनाद
युग-युग गर्वोन्नत नित महान्
रे तपी, आज तप का न काल
निस्सीम व्योम में तान रहा
नव युग शंखध्वनि जगा रही
युग से किस महिमा का वितान !
तू जाग-जाग मेरे विशाल !
ले अँगड़ाई, हिल उठे धरा!

**<u>सोपान I. बहुविकल्पीय प्रश्न</u>** **3X1=3**

I. 'मेरी जननी' से कवि का क्या तात्पर्य है ?

निम्नलिखित विकल्पों पर विचार कीजिए तथा सही विकल्प चुनकर लिखिए-

कथन (I) मातृभूमि	कथन (II) जन्मदायिनी माँ

कथन (III) दुर्गा माँ	कथन (IV) सभी माताएँ

**विकल्प-**

(क) केवल कथन (I) सही है।	(ख) केवल कथन (II) सही है।

(ग) केवल कथन (II) और (III) सही हैं।	(घ) केवल कथन (I) और (IV) सही हैं।

II. कवि ने हिमालय को किसकी उपमा दी है ?

(क) हिम समाधि	(ख) शैलराट्

(ग) हिमपति	(घ) हिम श्रृंग

III. कॉलम 1 को कॉलम 2 से सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए।

| कॉलम 1 | कॉलम 2 |
|---|---|
| I. निनाद | 1. शैलराट् |
| II. हुँकार भरे | 2. नव युग |
| III. शंखध्वनि जगा रही | 3. निज विराट स्वर में |

(क) I-(2), II-(1), III-(3)
(ख) I-(1), II-(3), III-(2)
(ग) I-(1), II-(2), III-(3)
(घ) I-(3), II-(1), III-(2)

**सोपान II. अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न** **1X1=1**

IV. कवि ने किसे 'किरीट' कहा है ?

**सोपान III. लघूत्तरात्मक प्रश्न-** **2X2=4**

V. प्रस्तुत पद्यांश में हिमालय के विराट स्वरूप के वर्णन में क्या कहा गया है ?

VI. कवि हिमालय से क्या करने को कह रहा है ?

**खंड- 'ख' अभिव्यक्ति और माध्यम पुस्तक पर आधारित प्रश्न** **22अंक**

**3. निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में एक रचनात्मक लिखिए-** **6**

(क) बदलते सामाजिक रीति-रिवाज
(ख) युवाओं में बढ़ता विदेश बसने का मोह
(ग) छात्रों के लिए मोबाइल फोन की उपयोगिता

**4.** आप अहमदाबाद के रहने वाले मनीष/मनीषा हैं। किसी कार्यवश रेल से मुम्बई जा रहे थे और बीच के एक छोटे स्टेशन पर आपका सामान चोरी हो गया। मुम्बई रेलवे स्टेशन के स्टेशन मास्टर को पूरी घटना की जानकारी देते हुए उचित शीघ्रातिशीघ्र कार्यवाही करने का अनुरोध करते हुए लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए। **5**

**अथवा**

विद्युत आपूर्ति अधिकारी, अ.ब.स नगर को 100 शब्दों में पत्र लिखकर नगर में की जा रही बिजली कटौती एवं इससे होने वाली परेशानियों का उल्लेख कीजिए तथा इसके त्वरित समाधान का अनुरोध भी कीजिए।

**5. निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्ही चार प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में दीजिए-** **4X2=8**

I. जनसंचार की किन्हीं दो विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए।

II. संचार किसे कहते हैं?

III. वर्तमान में कंप्यूटर का पटकथा लेखन में क्या योगदान है?

IV. डायरी एक व्यक्तिगत दस्तावेज कैसे है?

V. वॉचडॉग पत्रकारिता क्या है?

**6.** आपने हाल ही में अपने विद्यालय के वार्षिकोत्सव में मंच संचालन किया। उस दिन के अपने अनुभवों को अपनी डायरी में लिखिए। **3**

---

**खंड- 'ग'आरोह भाग -1 एंव वितान भाग -1 पाठ्यपुस्तकों के आधार पर 40 अंक**

---

**7. निम्नलिखित पठित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए- 5X1=5**

चंपा काले काले अच्छर नहीं चीन्हती
मैं जब पढ़ने लगता हूँ वह आ जाती है
खड़ी खड़ी चुपचाप सुना करती है
उसे बड़ा अचरज होता है:
इन काले चीन्हों से कैसे ये सब स्वर
निकला करते हैं ।।

I. चंपा कौन है?

(क) कविता में चंपा कवि की पत्नी है
(ग) चंपा एक पढ़ी-लिखी गाँव की लड़की है
(ख) चंपा एक निरक्षर गाँव की लड़की है
(घ) चंपा एक निरक्षर शहर की लड़की है

II. कवि के अनुसार, चंपा क्या नहीं जानती ?

(क) वह अक्षरों का महत्त्व नहीं जानती
(ख) वह आदमी का महत्त्व नहीं जानती
(ग) वह किताबों को नहीं पहचानती
(घ) वह गाँधी जी को नहीं जानती

III. निम्नलिखित कथन और कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प चुनकर लिखिए।

कथन (A) : चंपा पढ़ना चाहती है।
कारण (R) : चंपा को कवि को पढ़ते देख आश्चर्य होता है।

**<u>कूट</u>**

(क) कथन (A) सही है, किन्तु कारण (R) गलत है।
(ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।
(ग) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं करताहै।
(घ) कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।

IV. चंपा को क्या आश्चर्य होता है?

(क) काले अक्षरों में इतने स्वर कैसे छिपे हैं
(ख) कवि कैसे पढ़ता है
(ग) ये अक्षर लिखे कैसे हैं।
(घ) इनमें से कोई नहीं

V. 'अच्छर' शब्द है?

(क) विदेशज शब्द
(ख) ग्राम्य शब्द
(ग) शहरी शब्द
(घ) तत्सम शब्द

**8. काव्य खंड के आधार पर निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए- 2X3=6**

(क) आपके विचार में चंपा ने ऐसा क्यों कहा होगा कि मैं तो नहीं पढ़ूंगी?

(ख) मायके आई बहन के लिए कवि ने घर को 'परिताप का घर' क्यों कहा है?

(ग) कबीर ने अपने को दीवाना क्यों कहा है?

**9. काव्य खंड के आधार पर निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में लिखिए- 2X2=4**

(क) मीरा जगत् को देखकर रोती क्यों हैं?

(ख) चंपा ने ऐसा क्यों कहा कि कलकत्ता पर बजर गिरे?

(ग) पानी के रातभर गिरने और प्राण-मन के घिरने में परस्पर क्या संबंध है?

**10. निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए- 5X1=5**

उस सीन के बाकी अंश की शूटिंग हमने उसके अगले साल शरद ऋतु में, जब फिर से वह मैदान काशफूलों से भर गया, तब की। उसी समय रेलगाड़ी के शॉट्स लिए। लेकिन रेलगाड़ी के इतने शॉट्स थे कि एक रेलगाड़ी से काम नहीं चला। एक के बाद एक तीन रेलगाड़ियों को हमने शूटिंग के लिए इस्तेमाल किया। सुबह से लेकर दोपहर तक कितनी रेलगाड़ियाँ उस लाइन पर से जाती हैं- यह पहले ही टाइम-टेबल देखकर जान लिया था। हर एक ट्रेन एक ही दिशा से आने वाली थी। जिस स्टेशन से वे रेलगाड़ियाँ आने वाली थीं, उस स्टेशन पर हमारी टीम के अनिल बाबू थे। रेलगाड़ी स्टेशन से निकलते समय अनिल बाबू भी इंजन-ड्राइवर की केबिन में चढ़ते थे, क्योंकि गाड़ी के शूटिंग की जगह के पास आते ही बॉयलर में कोयला डालना जरूरी था, ताकि काला धुआँ निकले। सफेद काशफूलों की पृष्ठभूमि पर अगर काला धुआँ नहीं आया, तो दृश्य कैसे अच्छा लगेगा?

I. लेखक ने बचे हुए सीन का बाकी अंश कब शूट किया?

(क) ग्रीष्म ऋतु में (ख) वर्षा ऋतु में

(ग) शिशिर ऋतु में (घ) शरद ऋतु में

II. फिर से मैदान किसके फूलों से भर गया?

(क) काशफूलो से (ख) गुलाब के फूलों से

(ग) चमेली के फूलों से (घ) सदाबहार के फूलों से

III. शूटिंग के लिए कितनी रेलगाड़ियों का प्रयोग किया गया?

(क) चार (ख) एक

(ग) तीन (घ) दो

IV. स्टेशन पर लेखक की टीम के अनिल बाबू रेलगाड़ी में क्यों चढ़ते थे?

(क) रेलगाड़ी चलाने के लिए (ख) बॉयलर में कोयला डालने के लिए

(ग) गार्ड बनने के लिए (घ) उपरोक्त में से कोई नहीं

V. प्रस्तुत गद्यांश में 'बॉयलर' शब्द क्या है?

(क) तद्भव (ख) तत्सम

(ग) देशज (घ) विदेशज

**11. गद्य खंड के आधार पर निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं <u>दो</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए- 2X3=6**

(क) मुंशी वंशीधर सत्य-पक्ष पर अडिग होते हुए भी अकेले क्यों पड़ गए?

(ख) शिवशंभु की दो गायों की कहानी के माध्यम से लेखक क्या कहना चाहता है?

(ग) फ़िल्म में श्रीनिवास की क्या भूमिका थी और उनसे जुड़े बाकी दृश्यों को उनके गुज़र जाने के बाद किस प्रकार फ़िल्म बनाया गया?

**12. गद्य खंड के आधार पर निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं <u>दो</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में लिखिए- 2X2=4**

(क)लेखिका मियाँ नसीरुद्दीन के पास क्यों गई थी?

(ख) लॉर्ड कर्जन को इस्तीफ़ा क्यों देना पड़ा?

(ग) 'पथेर पांचाली' फ़िल्म की शूटिंग का काम ढाई साल तक क्यों चला?

**13. वितान के पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं <u>दो</u> के उत्तर लगभग 100 शब्दों में लिखिए- 2X5=10**

(क) निजी होते हुए भी सार्वजनिक क्षेत्र में कुंइयों पर ग्राम समाज का अंकुश लगा रहता है। लेखक ने ऐसा क्यों कहा होगा?

(ख) लेखक ने लता की गायकी की किन विशेषताओं को उजागर किया है? आपको लता की गायकी में कौन-सी विशेषताएँ नज़र आती हैं? उदाहरण सहित बताइए।

(ग) राजस्थान में कुंई किसे कहते हैं? इसकी गहराई और व्यास तथा सामान्य कुओं की गहराई और व्यास में क्या अंतर होता है?

--------------------X----------------------